हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 02 अक्तूबर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला -'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा, सैन्य शक्ति और स्वदेशी तकनीक में उत्कृष्टता के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद वैश्विक क्षितिज पर भारत की बदलती तसवीर का प्रतीक है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द... मोदी -बाइट भारत को अब एक शांतिप्रिय देश के साथ साथ एक मजबूत, निर्णायक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने छह और सात मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की और पाकिस्तान एवं पीओके स्थित नौ आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए। इससे दुनिया को संदेश गया कि भारत अब जरूरत पड़ने पर तुरंत और सटीक कार्रवाई करता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना और तकनीक की ताकत का लोहा पूरी दुनिया ने मान लिया है..इस दौरान स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस सिस्टम और ब्रह्मोस मिसाइल ने इस ऑपरेशन में बेमिसाल प्रदर्शन तो किया ही इसके अलावा स्वदेशी ड्रोन और एआई-आधारित सिस्टम ने भी क्षमता का प्रदर्शन किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सेना की तैयारी और बहादुरी की चर्चा पूरी दुनिया में है। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को नेस्तनाबूद कर देना और उसके बड़े ठिकानों को निशाना बनाना भारत की सैन्य क्षमता का बड़ा सबूत है। आतंकी के हाथों मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की पत्नी ने इसके लिए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर प्रधानमंत्री का यूं धन्यवाद किया. बाइट -शुभम द्विवेदी की पत्नी ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल भारत की सैन्य और तकनीकी शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि न्याय के एक नए रूप का भी परिचय दिया। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया है, और अगर भविष्य में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमला हुआ, तो भारत उस हमले की कार्रवाई में कड़ा प्रहार करेगा।अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार चंडीगढ़

****

हरियाणा के जींद में आज गर्दन एवं,आंखों की पुतलियां हिलाने तथा मुंह खोलने व बंद करने वाले रावण का दहन होगा। इन पुतलों का निर्माण कारीगर खरैती लाल ने अपनी बेटी के सहयोग से किया है। सनातन धर्म आदर्श कला रामलीला कमेटी के प्रधान रवि गुंबर ने आज मीडिया से बातचीत में बताया -

****

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा आज अंबाला शहर में नमो युवा रन का आयोजन किया गया। इस मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। श्री गोयल ने बताया -

मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे तीन लड़कों और तीन लड़कियों को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। वहीं चौथे से दसवें स्थान तक पहुंचने वाले धावकों को प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

****